प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

26.11.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00 बजे

संविधान दिवस

आज संविधान दिवस है। आज ही के दिन वर्ष 1949 में संविधान सभा ने भारत के संविधान को औपचारिक रूप से अपनाया था। बाद में 26 जनवरी 1950 को इस संविधान को देश में लागू किया गया। भारत का संविधान तैयार करने में 2 वर्ष 11 महीने और 18 दिन का समय लगा। वर्ष 2015 में भारत सरकार ने डॉक्टर भीम राव आंबेडकर की 125वीं जयंती पर 26 नवम्बर को संविधान दिवस के रूप में घोषित किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संविधान दिवस की 77वीं वर्षगांठ के अवसर पर सभी नागरिकों को शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री ने डॉ. बी.आर. आंबेडकर और संविधान सभा के अन्य सभी महान व्यक्तित्वों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि संविधान के रूप में हमें दिया गया यह उपहार भारतीय लोकतंत्र की एक अमूल्य विरासत है। उन्होंने कहा कि संविधान विकसित भारत के हमारे संकल्प को साकार करने में हमारा मार्गदर्शन करता रहेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि संविधान दिवस संविधान के मूल्यों को मजबूत करने की प्रतिबद्धता को दोहराने का अवसर है।

राज्यपाल–संविधान

इस बीच राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने भी लोगों को संविधान दिवस की शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को संविधान से मिले अधिकारों के साथ–साथ अपने कर्तव्यों के प्रति भी जागरूक रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि संविधान का सम्मान करना हर देशवासी का कर्तव्य है और किसी भी सूरत में संविधान का अपमान नहीं होना चाहिए। राज्यपाल ने वर्ष 1975 में लगाए गए आपातकाल को देश के लिए अभिशाप करार दिया। कविंद्र गुप्ता ने आपातकाल के दिनों में अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि उस दौरान उन्हें भी जेल जाना पड़ा था।

स्वास्थ्य शिविर

समग्र शिक्षा अभियान के तहत ज़िला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान डाइट सोलन में दिव्यांग बच्चों के लिए तीन दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया है। ज़िले के 10 शिक्षा खंडों के लगभग साढ़े 6 सौ बच्चे इस शिविर का लाभ उठा रहे हैं। शिविर में डॉक्टरों द्वारा आधुनिक मशीनों के माध्यम से दिव्यांग बच्चों की थैरेपी भी की जा रही है। संस्थान के उपनिदेशक डॉक्टर राजेन्द्र वर्मा ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को एक ही स्थान पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवाना है।

कांगड़ा फोरलेन

कांगड़ा ज़िले में निर्माणाधीन फोरलेन पर तेज रफ्तार और ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात पाने के लिए प्रशासन ने विशेष प्रबंध किए हैं। पुलिस अधीक्षक कुलभूषण वर्मा ने बताया कि नूरपुर से कांगड़ा तक फोरलेन का कार्य जारी है और राष्ट्रीय उच्च मार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ बैठकें कर ट्रैफिक जाम की समस्या दूर करने के लिए ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए हैं। इसके अलावा तेज रफ्तार पर अंकुश लगाने के लिए आई.टी.एम.एस कैमरों के माध्यम से निगरानी की जा रही है।

याक पालन

जनजातीय ज़िले लाहौल स्पीति में याक पालन को लेकर सरकार द्वारा विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय याक अनुसंधान केन्द्र दिरांग और कृषि विज्ञान केन्द्र ताबो द्वारा याक पालन पर विशेष जागरूकता शिविर लगाए गए। विस्तृत ब्योरे के साथ हमारे लाहौल स्पीति ज़िला संवाददाता––

पुलिस भर्ती

शिमला ज़िला में पुलिस कांस्टेबल भर्ती के लिए शारीरिक परीक्षण 27 नवम्बर से पुलिस लाइन भराड़ी में शुरू होगा। यह प्रक्रिया 5 दिसम्बर तक चलेगी। इसमें 9 हज़ार एक सौ 51 अभ्यार्थी अपनी शारीरिक दक्षता का प्रदर्शन करेंगे। इनमें 2 हज़ार 7 सौ 7 महिला और 6 हज़ार 4 सौ 44 पुरूष अभ्यार्थी शामिल है।

————————————————————————————————